Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the problems of paddy growers of the Odisha.

श्री सुरेश पुजारी (बारगढ़): अध्यक्ष जी, आपने आज इस ऑगस्ट हाउस में मुझे अपने गांव – तूरा, बारगढ़ जिले की समस्या को यहां उठाने का मौका दिया है, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं ।

आज पूरे देश भर के लोग कोरोना वायरस से विचलित हैं, लेकिन मेरे गांव में लोग कोऑपरेटिव डिपार्टमेंट, सप्लाई डिपार्टमेंट और रेवेन्यू डिपार्टमेंट से परेशान हैं । उनके परेशान होने का कारण यह है कि वे लोग खेती कर रहे हैं, वे लोकल पैक्स के मेम्बर भी हैं, प्रधान मंत्री क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम में वे लोग प्रीमियम भी दे रहे हैं, रेवेन्यू डिपार्टमेंट को लैण्ड रेवेन्यू दे रहे हैं और पानी लेने के कारण वाटर टैक्स भी दे रहे हैं । दुर्भाग्य यह है कि उनको टोकन नहीं मिल रहा है और वे धान नहीं बेच पा रहे हैं ।

आपके माध्यम से कृषि विभाग से मेरा यही निवेदन है कि ओडिशा सरकार को निर्देश दिया जाए कि इसमें परिवर्तन हो और उन किसानों को धान बेचने के लिए मौका मिले ।